मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर अफसरों को निर्देश दिए, फिनीशिंग टच दिया जा रहा

नीतीश बोले-बापू टावर जल्द खुले, अब इसमें विलंब नहीं हो

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बापू टावर जल्द खुले। अब इसमें बिल्कुल विलंब न हो। वे रविवार को गर्दनीबाग में बन रहे इस टावर का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने टावर के पांचवें, तीसरे व पहले तल्ले पर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, प्रदर्शनी दीर्घा, अनुसंधान केंद्र, ओरिएंटेशन हॉल एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री का कहना था कि बापू टावर नई पीढ़ी को महात्मा गांधी की जीवनी, उनके विचार व आदर्शों की जानकारी देगी।

उन्होंने अफसरों से कहा- ''यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से लगाव, उनके आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें, ताकि लोग यहां आकर यह सब देख-समझ सकें। यह परिसर ग्रीन एरिया रहे।'' भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि टावर को फिनीशिंग टच दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक, एसएसपी राजीव मिश्रा आदि मौजूद थे।

यहां महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ा सबकुछ दिखेगा

गर्दनीबाग में बन रहे बापू टावर का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार।